हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 29. 0 डिग्री


पीडीएस दुकानों में चावल का संकट, तीन माह के चावल के लिए करना पड़ रहा

3




## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत 20 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मई में राज्य में वृहद कन्या विवाह समारोह का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिस हेतु कन्या विवाह हेतु जिले के इच्छुक जाड़े से 20 अप्रैल तक आवेदन आवेदन आमंत्रित किया गया है। दस्तावेज में आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, आयु सत्यापन हेतु पांचवी, आठवीं अथवा दसवीं कक्षा के प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्ल करना अनिवार्य है। आवेदक संबंधित परियोजना कार्यालय में 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम खोखरा के आंगनबाड़ी केन्द्र 6 में आंगनबाड़ी सहायिक के पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से 28 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि उक्त पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण संबंधित ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 28 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 से संपर्क किया जा सकता है।


### तीसरे दिन चप्पे-चप्पे तक पहुंची टीम की चली जांच

# वेदांता हादसाः मौत का आंकड़ा 20 पर स्थिर, घायलों की स्थिति चिंताजनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पॉवर प्लांट में हुए बॉयलर हादसे के तीसरे दिन पूरी टीम चप्पे-चप्पे तक पहुंच गई। पूरे एरिया का निरीक्षण किया गया। दूसरी ओर मौतों का आंकड़ा 20 पर अभी स्थिर है। हालांकि विभिन्न अस्पतालों में भर्ती 15 घायलों में से आधे से अधिक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

गौरतलब है कि मंगलवार 14 अप्रैल को वेदांता पॉवर प्लांट में बॉयलर पाईप फटने से भीषण हादसा हो गया। इस दौरान तीन दर्जन से अधिक श्रमिक बुरी तरह से झुलस गए। घटना में दो दिनों के भीतर ही मरने वाले श्रमिकों का आंकड़ा 20 तक जा पहुंचा। शुक्र है तीसरे दिन किसी श्रमिक की मौत की खबर नहीं आई। हालांकि गंभीर रूप से झुलसे मरीजों का खरसिया, रायगढ़, बिलासपुर और रायपुर के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि 15 घायलों को उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती किया गया, जहां आधा दर्जन से अधिक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। इधर बचाव दल के साथ प्रबंधन और पुलिस के साथ प्रशासनिक अमले ने डेमेज एरिया के साथ बॉयलर सहित चप्पे चप्पे की छान मारी। डेमेज एरिया को पहले से ही बेरिकेटिंग कराया गया है, जहां तकनीकी जांच में विशेषज्ञों की टीम जुटी हुई है।



अस्पताल में भर्ती मरीज से चर्चा कर हालचाल जानते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।

### उद्योग मंत्री पहुंचे अस्पताल जाना घायलों का हाल

बॉयलर हादसे में झुलस कर घायल हुए श्रमिकों का हाल जानने प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन 16 अप्रैल को रायगढ़ पहुंचे। उन्होंने एपेक्स अस्पताल में भर्ती मरीजों की स्थिति को लेकर वहां के चिकित्सकों से चर्चा की। जिसके बाद वे बालाजी मेट्रो अस्पताल पहुंचे, जहां इलाजरत दो श्रमिकों से उन्होंने बात की। इसके साथ ही डॉक्टर से भी मरीजों के बेहतर इलाज को लेकर चर्चा की। बालाजी में एडमिट मरीजों की हालत अन्य मरीजों से बेहतर है। हालांकि इन श्रमिकों को आईसीयू भी रखा गया है। इसके बाद मंत्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने बर्न वार्ड के आईसीयू में भर्ती मरीजों की स्थिति जानी और बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

### जांच के बाद होगी सख्त कार्रवाई : लखनलाल

इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि इस हादसे की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने दण्डाधिकारी जांच के आदेश दिए हैं। हादसे की वजह जानने का प्रयास किया जा रहा है। किन कारणों से यह हादसा हुआ है, इसकी भी विस्तृत जांच की जा रही है। जांच में स्पष्ट हो जाएगा कि इस भीषण हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है। जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर 5 लाख और केन्द्र सरकार की ओर 2 लाख की मुआवजा राशि देने की घोषणा की गई है। वहीं केन्द्र सहित राज्य सरकार इस हादसे में घायल श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लगातार ले रहें है।

### कांग्रेस की जांच टीम ने प्लांट पहुंच कर लिया जायजा



वेदांता पॉवर प्लांट 14 अप्रैल को हुए हादसे में 20 मजदूरों की मौत के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जांच टीम बनाई गई है। कांगेस का जांच दल 16 अप्रैल को प्लांट पहुंचा। जांच दल के संयोजक पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल के साथ ही नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज और कई विधायक प्लांट पहुंचे। घटना स्थल का निरीक्षण कर टीम ने स्थिति का जायजा लिया। कांग्रेस जांच दल ने प्लांट और प्रशासन के अधिकारियो से चर्चा कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान विधायक रामकुमार यादव, व्यास कश्यप, राघवेंद्र सिंह, बालेश्वर साहू समेत कांग्रेस के अन्य नेता मौजूद रहे। कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल के नेतृत्व में 10 सदस्यों की जांच टीम बनाई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि कांग्रेस का जांच दल फिर से आएगा और जब तक घटना की पूरी जानकारी नहीं मिल जाती और दोषियों पर कार्यवाही नहीं हो जाती तब तक कांग्रेस कार्यकर्ता डटे रहेंगे।

### नेता प्रतिपक्ष व पीसीसी चीफ ने लगाए कई आरोप

कांग्रेस नेताओं ने इस दौरान प्लांट प्रबंधन और शासन - प्रशासन पर कई आरोप लगाए। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्लांट प्रबंधन सहित इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी विभाग और सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब तक एफआईआर नहीं होना बताता है कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से प्लांट प्रबंधन को बचाने की कोशिश कर रही है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि भाजपा के शासन में ये प्लांट लगा है और कबाड़ से भरे प्लांट को चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनी सिर्फ पैसा कमाने आई है, यहां के दुख दर्द से उनको कोई सरोकार नहीं है।

### परिजनों का आरोप, कोई नहीं ले रहा सुध

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वर्तमान में मनीष कुमार पिता हरिनारायण यादव उम्र 24 निवासी सोनभद्र उत्तरप्रदेश का इलाज चल रहा है। इस हादसे में मनीष कुमार करीब 80 फीसदी झूलस चुका है, ऐसे में उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। जानकारी मिलने के बाद उसके भाई सहित परिवार के 7 सदस्य यहां पहुंचे हैं। मनीष के भाई रामदीन कुमार यादव और संजय कुमार यादव ने बताया कि मनीष की हालत के बारे में उन्हें जानकारी नहीं दी जा रही है और ना ही यहां से कोई सपोर्ट मिल रहा है। यहां ना तो कंपनी के अधिकारी और ना ही प्रशासन के अधिकारी उन्हें कुछ बता रहे हैं। ना तो खाने की व्यवस्था है और ना ही रहने की। सोनभद्र से यहां आने और रहने-खाने के लिए अब तक करीब 30 हजार रूपए से अधिक खर्च हो चुके हैं।



खाद्य दुकानों में जाकर निरीक्षण करते अफसरों की टीम

# खाद्य सुरक्षा एवं मानक जानने दुकानों की हो रही विशेष जांच

### गन्ना रस, बर्फ गोला, ठेलों का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विभाग की टीम द्वारा दुकानों की जांच की जा रही है। साथ ही साथ खाद्य पदार्थो का सेंपल प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशनुसार तथा आयुक्त खाद्य संरक्षण, खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में गुरूवार 16 अप्रैल को जिले में गर्मी मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विशेष जांच निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। गर्मी के मौसम में पैक्ड पानी पाउच, पैक्ड पानी बोतल, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स, सॉफ्ट ड्रिंक एवं आइस कैंडी जैसे पेय एवं खाद्य पदार्थों का उपयोग आमजन द्वारा अधिक मात्रा में किया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा जिला सक्ती के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सघन जांच एवं निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विकासखंड सक्ती अंतर्गत नया बाराद्वार के मेसर्स विनायक ट्रेडर्स से कैम्पा एनर्जी ड्रिंक का नमूना लिया गया। जैजैपुर में मेसर्स शुभम के मार्ट से पेप्सी जीरो शुगर कार्बोनेटेड ड्रिंक का नमूना लिया गया। साथ ही गन्ना रस, कुल्फी, बर्फ गोला, काजू शेक बेचने वाले ठेलों का निरीक्षण किया गया और उन्हें हेड कवर एवं हैंड ग्लव भी दिए। साथ ही साथ साफ सफाई रखने के निर्देश भी दिए। इस संबंध में आगे की कार्यवाही विभाग द्वारा की जा रही है।





Brilliant Public School
Igniting Wisdom
BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
विद्या
तेषामादित्य वज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम्
Wisdom for Universal Enlightenment
ESTD. 2001
2001 25th 2025
Anniversary
SILVER JUBILEE
Success Is The Echo Of Diligence Reverberating Through The Halls Of Achievement
CBSE 10TH RESULT 2025-26
SNIGDHA MAJUMDAR 98.80%
GARGI GOSWAMI 98.60%
SHAURYA SAHU 98.40%
HARSHITA YADAV 97.60%
SIMRAN JIWNANI 97.20%
ANISHKA GUPTA 96.80%
ROUNAK SAHU 96.80%
SOUMIL SAHU 96.80%
HARSHEEN KAUR TUTEJA 96.60%
ARSH MISHRA 96.40%
NAITIK DAYALANI 96.00%
UTKARSH SINHA 96.00%
AADITA KAUSHIK 95.80%
ROSHNI MANGTANI 95.80%
AKSHAT SHRIVASTAVA 95.60%
DARSHNI GOSWAMI 94.40%
JASLEEN KAUR HORA 95.40%
PAVNI MISHRA 95.00%
SHREETI JAISWAL 95.00%
SHAMBHAVI SINGH 94.80%
AKSHAT PHULESAR 94.40%
DARSHNA TOLANI 94.40%
GARGI MISHRA 94.40%
AAHANA AGRAWAL 94.00%
AAKRITI SINGH 94.00%
ARADHYA KAUSHIK 94.00%
SHREYASH SHARMA 94.00%
VANSH NIKHAR 94.00%
SHAURYA NARAYAN PANDEY 93.80%
VAIDIK SONTHALIA 93.80%
VARTIKA DUBEY 93.40%
MAYANK RAGHAV 93.40%
ISHITA PRASAD 93.20%
NIMRIT KAUR HORA 93.00%
SPARSH GARG 93.00%
AKSHATA DWIVEDI 92.60%
DHANYA YASHSHAWI KSHATRIYA 92.60%
KANAK KUMBHARE 92.40%
NAVAL SINGH SALUJA 92.40%
AARUSH KUNWAR 92.20%
JIYA CHAWLA 92.20%
MAYANK BARMAN 92.20%
MIHIR KUMAR DUBEY 92.20%
AKSHIT RAJ 92.00%
ATHARV AZAD 92.00%
BHAVYA CHOPDA 91.80%
MANNAT CHANDNANI 91.40%
SOUMYA AGRAWAL 91.40%
NAIVEADYA SHARMA 91.20%
VEDARSH GARG 91.20%
AKSHITA DWIVEDI 91.00%
SHRINKHALLA ADHISHREE YADAV 91.00%
ADITI AGRAWAL 90.80%
VANSH HARYANI 90.60%
AMBAR SINGH 90.20%
ATHARVA KASHYAP 90.20%
P ISHITA 90.20%
TWINKLE NETAM 90.20%
& Many more....
90%+ 58 STUDENTS | 85-90% - 44 STUDENTS | 80-85% - 36 STUDENTS
BRILLIANT SALUTES ITS ANGELS.
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2026-27
BILASPUR | KORBA | AMBIKAPUR | MUNGELI
OPENING SOON
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### प्रेरणा महिला समिति द्वारा पियाऊ का किया गया शुभारंभ

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन भाभी एवं सभी उपाध्यक्षाओं द्वारा किए जा रहे सराहनीय सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला, गेवरा की प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला के मेन गेट के सामने एक सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम के अंतर्गत पियाऊ का निर्माण एवं शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राहगीरों की सुविधा हेतु पियाऊ की व्यवस्था की गई। साथ ही उपस्थित सभी राहगीरों को स्वल्पाहार स्वरूप गुड़-चना, फल एवं शरबत भी वितरित किया गया। यह सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा की उपस्थिति में उनके सहयोगियों श्रीमती प्रियंका खरे, श्रीमती रश्मि टंडन, संगीता सराफ, श्रीमती बबीता मेहरा, श्रीमती इतिश्री बड़ई एवं श्रीमती शीला श्रीवास के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### युवा कांग्रेस ने शरबत का किया वितरण



**अरदा।** युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि रहमान खान के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा टीम द्वारा अरदा चौक में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राहगीरों, मजदूरों, बच्चों और बुजुर्गों को ठंडा शरबत वितरित कर भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई। यह पहल लोगों के लिए काफी मददगार साबित हुई। युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा महासचिव शत्रुहन पटेल ने बताया युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि रहमान खान का जन्मदिवस हर वर्ष मनाया जाता हैं। जन्मदिन पर अरदा युवा कांग्रेस टीम द्वारा इस वर्ष अरदा चौक में शीतल शरबत वितरण किया गया, बीते वर्ष अस्पताल में मरीज व उनके परिजनों को भोजन, फल वितरण किया गया था। उपस्थित लोगों ने युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि रहमान खान जन्मदिन की शुभकामनाएं दिये। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि रहमान खान, अरदा मंडल उपाध्यक्ष दिनेश आदिले, महासचिव शत्रुहन पटेल, नीरज बंजारे, युवा कटघोरा ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष सदबीर निर्मलकर, ब्लाक महामंत्री सरोजनी महंत, ब्लाक सचिव नीरा बिंझवार, मिथलेश बाई, तुली बाई, कांग्रेस कमेटी अरदा पंचायत अध्यक्ष रखी कंवर, देव कंवर, फिरोज, दुबराज कंवर, पुरातन दास, विकास यादव, रामनारायण चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रजनीकांत बने सांसद प्रतिनिधि



**कोरबा।** सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत ने ग्राम पंचायत लीमडीह निवासी बरपाली ब्लॉक सचिव रजनी कांत पटेल को जनभागीदारी समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमान का सांसद प्रतिनिधि नियुक्ति किया गया है, नियुक्ति संबंधित रजनी कांत पटेल ने सांसद एवं विधायक तथा जिला अध्यक्ष मनोज चौहान व कॉंग्रेस संगठन का आभार व्यक्त किया किया है, उन्होंने कहा कि उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक पार्टी के दिशानिर्देशानुसार किया जाएगा, उन्होंने कहा कि छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए विधालय की मूलभूत सुविधाओं /संरचनाओं की व छात्रों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा।

# बालको में अलाइसा रोबोट तैनात, कर्मचारियों को मिलेगा रियल-टाइम सुरक्षा ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अलाइसा (एल्यूमिनियम एआई सपोर्ट एजेंट) नामक एक अत्याधुनिक एआई-संचालित ह्यूमनॉइड असिस्टेंट को संयंत्र में तैनात किया है। यह अपनी तरह का पहला सिस्टम है, जिसे एल्यूमिनियम निर्माण में शॉप फ्लोर की क्षमता, संचालन दक्षता और औद्योगिक सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

बालको के स्मेल्टर कॉम्प्लेक्स में कार्यरत अलाइसा शॉप फ्लोर टीम के लिए ऑन-ग्राउंड प्रशिक्षण, ज्ञान और निर्णय-सहायता के एक इंटरफेस के रूप में कार्य करता है। यह सिस्टम कन्वर्सेशनल एआई को प्लांट-विशिष्ट ऑपरेशनल इंटेलिजेंस के साथ जोड़ते हुए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी), मानक रखरखाव प्रथाओं (एसएमपी) और महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल पर रियल-टाइम, संदर्भित मार्गदर्शन सीधे कार्यस्थल पर उपलब्ध कराता है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हमारी कंपनी में तकनीक और मानव क्षमता के संतुलन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अलाइसा की तैनाती हमारी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शॉप फ्लोर पर सीखने, निर्णय लेने और सुरक्षा के मानकों को नई दिशा दे रहा है। यह पहल न केवल कर्मचारियों को रियल-टाइम मार्गदर्शन प्रदान करती है बल्कि उन्हें अधिक सक्षम, जागरूक और आत्मनिर्भर भी बनाती है। हम एक सुरक्षित, स्मार्ट और भविष्य-तैयार कार्यस्थल के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुरुआती चरण में अलाइसा ने 100 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है। यह लर्निंग मॉड्यूल, रियल-टाइम प्रश्न समाधान और मूल्यांकन-आधारित सिस्टम प्रदान करता है, जिससे सुपरवाइजर कर्मचारियों की समझ और कौशल प्रगति की प्रभावी निगरानी कर सकते हैं। डेटा-आधारित सतत सीखने को शॉप फ्लोर में समाहित कर, यह सिस्टम प्रक्रियाओं के मानकीकरण, सुरक्षा नियमों के अनुपालन को सुदृढ़ करने और उच्च-तीव्रता वाले औद्योगिक वातावरण में कार्यबल की तैयारी को बेहतर बना रहा है। प्रारंभिक फीडबैक से यह भी स्पष्ट हुआ है कि कर्मचारियों को तकनीकी जानकारी तक बेहतर पहुंच मिली है, संचालन संबंधी समस्याओं का तेजी से समाधान हो रहा है और रियल-टाइम निर्णय लेने में उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। बालको में कार्यरत परास्नातक प्रशिक्षु उदय चौहान ने कहा कि पॉटलाइन पर कार्य शुरू करने से पहले मैंने 'अलाइसा' के माध्यम से एसओपी-आधारित सुरक्षा प्रशिक्षण लिया। यह एक उत्कृष्ट अनुभव रहा। एक रोबोट होने के बावजूद, प्रशिक्षण उतना ही प्रभावी था जितना किसी मानव ट्रेनर द्वारा दिया जाता है।

**अपनी तरह का पहला सिस्टम**

**खास बात**

- एल्यूमिनियम निर्माण के दौरान सुरक्षा को बेहतर बनाने किया गया तैयार



## मार्च महीने में करना था हितग्राहियों को वितरण

# पीडीएस दुकानों में चावल का संकट, तीन माह के चावल के लिए करना पड़ रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीडीएस दुकानों में चावल का संकट बना हुआ है। तीन माह का एक साथ चावल मार्च महीने में वितरण करना था वह कई पीडीएस दुकानों में नहीं हो पा रहा है।

**खास बात**

- पीडीएस दुकान खुलते ही ग्राहकों की लग रही भीड़

विशेषकर ग्रामीण अंचल के हितग्राहियों को इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। पीडीएस दुकान खुलते ही शहर से लेकर गांव तक हितग्राहियों की भीड़ दुकानों में लग रही है। शहर के कुछ दुकानों में देर शाम तक चावल का वितरण का दौर चलता है।

पीडीएस चावल के लिए पिछले तीन माह से चल रही है मारामारी थमने का नाम नहीं ले रही है। दुकान खुलते ही हितग्राहियों की भीड़ दुकानों में पहुंचने लगती है। मार्च महीने में तीन माह का एक साथ चावल देने की घोषणा की गई थी किंतु तीन माह का चावल एक साथ नहीं मिला और अब आधा अप्रैल गुजर चुका है और अभी भी चावल के लिए के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। शहर की पीडीएस दुकानों से लेकर गांव की पीडीएस दुकानों में चावल का भंडारण नहीं होने के कारण हितग्राहियों को तीन माह का चावल नहीं मिल रहा है। एक माह का चावल देकर ही उन्हें चलता किया जा रहा है। आम लोगों को चावल नहीं मिलने की समस्या जूझना पड़ रहा है। इसका अधिकृत जवाब पीडीएस संचालक भी हितग्राहियों को नहीं दे पा रहे हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भंडारण किया जा रहा है। जहां भंडारण नहीं हो पाया है वहां इस बात की समस्या आ रही है लेकिन प्रयास किया जा रहा है कि एक साथ तीन माह का चावल दिया जाए। शहरी पीडीएस दुकानों में भंडारण का काम तेजी से हो रहा है और वैसे भी शहर के पीडीएस दुकानों में चावल की समस्या से संबंधित शिकायत प्रशासन तक नहीं पहुंचती। यही कारण है कि हितग्राहियों का समस्या की जानकारी प्रशासन तक नहीं पहुंच पाती। जब कभी ग्रामीण अंचल की हितग्राही जनदर्शन पहुंचते हैं तब जाकर हकीकत सामने आती है।



खाद्य सामग्री लेने पहुंचे हितग्राही।

**गांव जाकर राशन वितरण करने के दिए गए थे निर्देश**

अधिकांश पीडीएस दुकानें पंचायत मुख्यालय में चल रही है और उनके आश्रित ग्रामों की दूरी 4 से 5 किमी दूरी के लगभग होती है और वहां के हितग्राहियों को चावल वितरण का लाभ नहीं मिल पाता। जब तक उन्हें पीडीएस चावल की वितरण की जानकारी मिलती है तब तक पंचायत मुख्यालय के हितग्राहियों को ही अपने कोटे का चावल का उठाव कर लिया जाता है। जिसकी वजह से दूर दराज के आश्रित ग्रामों के हितग्राही बैरंग लौटते हैं। इस समस्या को देखते हुए पूर्व कलेक्टर ने आश्रित ग्रामों में जाकर चावल वितरण करने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए थे जो उनके जाते ही फाईलों में दबकर रह गए और अभी भी आश्रित ग्राम के हितग्राही चावल वितरण के लिए भटक रहे हैं।

**गोदाम की सुविधा नहीं**

ग्रामीण अंचल में चलने वाली पीडीएस दुकान या तो पंचायत भवन में चल रही है या फिर स्व सहायता चला रही है या सहकारी समिति चला रही है। इनमें सहकारी समितियों में ही गोदाम की सुविधा दी गई है। अन्य स्थानों में पीडीएस दुकानों को गोदाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि नागरिक आपूर्ति निगम से भेजा गया चावल का भंडारण नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के साथ कोरबा विकासखंड के जनजाति क्षेत्रों में नजर आ रही है। जहां पीडीएस दुकान पंचायतों द्वारा संचालित की जा रही है।

**भंडारण किया जा रहा है**

तीन माह के चावल वितरण के लिए पीडीएस दुकानों में भंडारण किया जा रहा है। जिन दुकानों में गोदाम की सुविधा नहीं है वहां जरुर भंडारण की समस्या खड़ी हुई है लेकिन सभी दुकानों में चावल वितरण कराया जा रहा है।

-**घनश्याम कंवर**, जिला खाद्य अधिकारी

## 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम रवाना



तीर्थयात्रा को हरी झण्डी दिखाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत से बुधवार की सुबह 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन के लिये अयोध्याधाम रवाना हुआ। मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, फिरतराम साहू, ममता यादव आदि ने तीर्थ यात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं यात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं व बधाईयाँ देते हुए अयोध्याधाम के लिये रवाना किया। इस मौके पर निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, अरविंद सिंह, रिशू श्रीवास्तव, अमित टमकोरिया, जितेन्द्र राजपूत आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के नागरिकों को पवित्र अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्रीरामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी जिले से 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ, यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहाँ से विशेष ट्रेन द्वारा तीर्थयात्री अयोध्याधाम पहुंचकर श्रीरामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, फिरतराम साहू, ममता यादव आदि ने तीर्थ यात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं यात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं व बधाईयाँ देते हुए अयोध्याधाम के लिये रवाना किया। इस मौके पर पार्षदों ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का पवित्र अवसर आज प्राप्त हुआ है, उन्होने कामना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी यात्रा को मंगलमय करें तथा श्रद्धालुजन रामलला के चरणों का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर तीर्थयात्रियों ने श्रीरामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

# तीन अन्य पर अनाचार का अपराध दर्ज करने की मांग को लेकर एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि सहित अन्य पर एक ग्रामीण ने पत्नी के साथ अनाचार कर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व में की गई शिकायत के बाद केवल एक आरोपी पर कार्रवाई की गई है। अन्य आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर अन्य दोषी लोगों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्यवाही करने की मांग की है।

**खास बातें**

- पसान थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हारीसाना का मामला
- मामले में सिर्फ एक आरोपी पर दर्ज किया गया है अपराध



शिकायत पत्र सौंपता ग्रामीण।

मामले की शिकायत गनपत सिंह मरकाम पिता गोपाल सिंह मरकाम निवासी ग्राम कुम्हारीसानी थाना पसान ने पुलिस अधीक्षक से की है। गनपत सिंह का आरोप है कि उसके चाचा इतवार सिंह निवासी ग्राम सिर्री थाना पसान की मृत्यु हो जाने से उनका दशगात्र कार्यक्रम 21 फरवरी को ग्राम सिर्री में होना था। जहां उसकी पत्नी जयकुंवर भाभी लीलावती के साथ शामिल होने गई थी। वहां से भाभी लीलवती अपने मायके ग्राम अमलीबहरा चली गई। 24 फरवरी को जब भाभी घर वापस आई तो उससे पूछने पर पता चला कि 22 फरवरी को जयकुंवर अपने घर कुम्हारीसानी आने के लिये सिर्री से निकली थी, परंतु 24 फरवरी तक घर वापस नहीं पहुंची। उसके बाद उसने अपनी पत्नी जयकुंवर को जगह-जगह खोजा परंतु नहीं मिली। 26 फरवरी को थाना पसान एवं मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई थी कि सुखरी तालाब रानी सागर पसान के पास किसी महिला की लाश पड़ी हुई है। जाकर देखने पर पता चला कि उक्त लाश उसकी पत्नी जय कुंवर की है। गांव में ही उसे ये जानकारी मिली थी उसकी पत्नी एक जनप्रतिनिधि के घर के पास उतरी थी तथा सुखदेव सिंह करियाम मोटर सायंकल से रेकी कर रहा था। गनपत ने उक्त जनप्रतिनिधि के घर के बाहर लगे हुए सी.सी. कैमरे को देखने हेतु उससे बोला। तब उसके द्वारा गाली गलौच करते हुए उन लोगों को वहां से भगा दिया गया। जिससे उन लोगों को शंका हुई कि उक्त अपराध में प्रकाशचंद्र जाखड़ भी मिला हुआ है। अन्य सी. सी. कैमरे की रिकार्डिंग में सुखदेव करियाम अपनी मोटर सायकल में उसकी पत्नी को बैठाकर लेकर जा रहा है। गनपत का आरोप है कि उन्हें यह भी जानकारी प्राप्त हई है कि सुखदेव सिंह के साथ पवन सिंह मरकाम, शंकर नेटी, कपिल करियाम ने उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी है, परंतु थाना पसान, पुलिस अधीक्षक कोरबा के समक्ष शिकायत किए जाने के बावजूद भी उक्त आरोपीगणों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही न कर केवल सुखदेव करियाम को आरोपी दर्शाकर उसके विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

# कोयला अधिकारियों को जल्द होगा पीआरपी का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला क्षेत्र के अधिकारियों के लिए राहत भरी खबर है कि कोल इंडिया की 416वीं कमेटी ऑफ फंक्शनल डायरेक्टर्स (सीएफडी) की 26 मार्च को हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सहायक कंपनियों के एमओयू प्रदर्शन मूल्यांकन को मंजूरी दे दी गई है।

बैठक के दौरान कंपनियों द्वारा प्रस्तुत स्व-मूल्यांकन स्कोर और समिति द्वारा सत्यापित अंतिम अंकों की गहन समीक्षा की गई। कोल इंडिया का समेकित एमओयू स्कोर 84.46 दर्ज किया गया है, जिसके आधार पर महारत्न कंपनी को 'वैरी गुड' रेटिंग प्रदान की गई है। इसके साथ ही सभी सहायक कंपनियों ने अपनी परफॉर्मेंस इवैल्यूएशन रिपोर्ट (पीईआरएस) जमा कर दी है, जिन्हें समिति ने अंतिम रूप दे दिया है। मूल्यांकन रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार एनसीएल, डब्ल्यूसीएल, एमसीएल और सीएमपीडीआईएल ने एक्सीलेंट श्रेणी में स्थान हासिल कर अपनी कार्यक्षमता का लोहा मनवाया है। विशेष रूप से सीएमपीडीआईएल ने 98.23 के स्कोर के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वहीं झारखंड की प्रमुख कंपनियों बीसीसीएल और सीसीएल ने क्रमशः 84.08 और 86.93 अंकों के साथ वैरी गुड रेटिंग प्राप्त की है जो उनके स्थिर प्रदर्शन को दर्शाता है। दूसरी ओर ईसीएल को मात्र 57.59 अंकों के साथ गुड रेटिंग मिली है, जो स्पष्ट संकेत है कि कंपनी के परिचालन और उत्पादकता में सुधार की तत्काल आवश्यकता है। सीएफडी की इन सिफारिशों के बाद अब संबंधित स्कोर और रेटिंग्स को सहायक कंपनियों के बोर्ड के पास अंतिम अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा।

सृष्टि इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च सेन्टर
(नर्सिंग महाविद्यालय)
निःशुल्क कोचिंग निःशुल्क कोचिंग
बी.एस.सी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग
B.Sc. Nursing Entrance Exam (PNT)
निःशुल्क कोचिंग के लिए महाविद्यालय में तत्काल संपर्क करें
निःशुल्क कोचिंग के लिए कक्षा प्रारंभ - 01/05/2026 से
(बी.एस.सी नर्सिंग में प्रवेश की जानकारी हेतु महाविद्यालय में संपर्क करें)



सृष्टि इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च सेन्टर
रजगामार रोड, जिला जेल के पास, रिस्दी कोरबा (छ.ग.)
8770584310, 7771000277, 9039887526

**न्यायालय तहसीलदार चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र........../अ-6/2025-26

ग्राम-चांपा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती दुर्गेश पति हेतराम चन्द्रा निवासी-चांपा द्वारा ग्राम-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 1840/2ड. कुल रकबा 0.05 3/4 ए. भूमि स्वामी हक में मृतक कामता प्रसाद पिता स्व. तिरिथराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज हे। मृत खातेदार कामता प्रसाद पिता स्व. तिरिथराम का दिनांक 08.03.2026 को निधन हो गया है। खातेदार कामता प्रसाद पिता स्व.तिरिथराम के कुल 3 संतान है जिसमें से दो पुत्र और एक पुत्री संतान है। खातेदार कामता प्रसाद पिता स्व. तिरिथराम पुत्री (आवेदिका) के सेवा भाव से प्रसन्न होकर उसके द्वारा अपने जीवन काल में आवेदिका के पक्ष में 12.12.2011 को गवाहों की उपस्थिति में पंजीयक के समक्ष पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया है। आवेदिका उक्त वसीयतनामा के आधार पर वादभूमि का अपने नाम पर वसीयती नामांतरण किये जाने आवेदन, शपथ, बी-1 खसरा वसीयतनामा के प्रति पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 12.05.2026 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 13.04.2026
पेशी दिनांक 12.05.2026

तहसीलदार
चांपा

***दीपका।** प्रदेश सहित जिले में सूरज ने अपने तेवर दिखाना शुरु कर दिया है। पारा चढ़ने के साथ ही दीपका नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल का संकट गहराने लगा है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद हिमांशु देवांगन ने मोर्चा खोलते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

जाँजगीर मार्केट
फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

# विकास कार्यों को बेहतर क्रियान्वयन करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की और उनके प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक प्राथमिकता के साथ पहुंचाया जाए तथा आपसी समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ तय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में जनगणना 2026 की तैयारियों की जानकारी लेते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रो में बैनर-पोस्टर के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने तथा सार्वजनिक उपक्रमों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। जनगणना कार्य मे नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों की समय पर प्रशिक्षण पूर्ण करने एवं समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। गर्मी के मद्देनजर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने जिले के खराब हैंडपंपों की मिशन मोड में मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इस हेतु पंचायतों से मरम्मत योग्य हैंडपंपों की सूची प्राप्त कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को गंभीरता से कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### महिला कमांडो से अश्लील गाली-गलौज का आरोप, थाना में ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग




**चांपा।** महिला कमांडो द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर एक गंभीर मामला सामने आया है। आवेदन में महिला कमांडो ने आरोप लगाया है कि 14 अप्रैल को रात करीब 9:20 बजे ड्यूटी के दौरान रतन चंद्रा द्वारा उनके साथ अश्लील गाली-गलौज की गई। आवेदन के अनुसार रतन चंद्रा ने महिला कमांडो के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मर्यादा भंग की। घटना के बाद महिला कमांडो ने तत्काल इसकी सूचना चांपा थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की। महिला कमांडो ने अपने आवेदन में कहा है कि ड्यूटी पर तैनात महिला कर्मियों के साथ इस तरह का व्यवहार निंदनीय है और इससे उनकी सुरक्षा व सम्मान पर प्रश्नचिह्न लगता है। उन्होंने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ त्वरित जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।फिलहाल पुलिस द्वारा आवेदन प्राप्त कर लिया गया है और मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

### सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में साक्षी ने प्राप्त किए 94.8 प्रतिशत अंक

**चांपा।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय छात्रा कुमारी साक्षी सोनी ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा के रूप में पहचान बनाने वाली कुमारी साक्षी सोनी ने अंग्रेजी विषय में 90 अंक, हिंदी में 94 अंक, स्टैंडर्ड गणित में 93 अंक, विज्ञान में 94 अंक, सोशल साइंस में 96 अंक, तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 96 अंक प्राप्त कर सफलता का परचम फहराया है । शुरू से मेधावी छात्र रहने वाली साक्षी सोनी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु जनों, माता श्रीमती रोशनी सोनी व पापा चंद्रकांत सोनी, डॉ रमाकांत सोनी को देती है। उसकी इस उपलब्धि पर श्रीमती सुशीला सोनी, रविकांत सोनी, रश्मि सोनी, सुरभि सोनी, आशीष सोनी, आदर्श सोनी, डॉक्टर अमरनाथ सोनी, जयदेव सोनी ,अनिल सुरेश सोनी, अनिल रमेश सोनी, रामेश्वर सोनी, सिद्धनाथ सोनी, रामवल्लभ सोनी, राजेश अग्रवाल, शशि भूषण सोनी, विनोद तिवारी, विश्वनाथ सोनी, बद्री सोनी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामना प्रेषित किया है। साक्षी अपना कैरियर विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में बनाना चाहती है।



### 24 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**पामगढ़।** 24 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भैसो का है। पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुखबिर सूचना पर थाना पामगढ पुलिस द्वारा रघुवीर सिंह ठाकुर के कब्जे से 24 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। जब्त शराब की कीमत 48 सौ रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी पामगढ निरीक्षक सावन सारथी, सहायक उपनिरीक्षक सरोज पाटले, महिला प्रधान आरक्षक मंजू सिंह, आरक्षक मुकेश कमलेश, चंद्रशेखर कैवर्त्य, श्याम ओग्रे, विनोद मनहर, सैनिक अनिल दिनकर का योगदान रहा।

## निधन

### पुनई बाई लहरे

**नवागढ़।** ग्राम किरीत की प्रतिष्ठित महिला पुनई बाई लहरे का 89 साल के उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। अंतिम यात्रा में परिजन एवं स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे डॉ. रामगोपाल आदिले के बुआ थी।



### पंचकुंवर देवांगन

**चांपा।** नगर के देवांगन मोहल्ला नीम चौक निवासी प्रतिष्ठित नागरिक बचन कुमार देवांगन की माता श्रीमती पंचकुंवर देवांगन का 92 वर्ष की उम्र में बुधवार 15 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गेमन पुल के पास स्थित मुक्तिधाम में गुरुवार 16 अप्रैल को किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र बचन कुमार देवांगन ने दी। वे अपने पीछे दो पुत्र व तीन पुत्रियों सहित नाती पोतों से भरा पुरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओं सहित नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का हुआ आयोजन

# टेक्नीशियन के 300 पदों पर नौकरी पाने पहुंचे 117 बेरोजगार, ले-देकर 20 को मिला जॉब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के उद्देश्य से प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया गया इसमें टेक्नीशियन के 300 पदों के लिए कैंप आयोजित किया गया जिसमें से महज 117 बेरोजगार ही पहुंच सके इनमें से भी ले देकर 97 युवाओं का चयन किया गया वही नौकरी 20 को ही मिल सकी है ऐसे में निजी क्षेत्र में नौकरी को लेकर युवाओं में रुचि नहीं दिखाई दे रही है।

गौरतलब है कि बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी देने के उद्देश्य से हर महीने जिला स्वरोजगार एवं मार्गदर्शन केंद्र के द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में गुरुवार 16 अप्रैल को आईटीआई परिसर जांजगीर में प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया गया इस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन उत्तर प्रदेश नोएडा के इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया था जिसके तहत 300 पदों पर भरती की जानी थी जिसके तहत नौकरी को लेकर महज 117 बेरोजगार ही पहुंच सके इनमें भी पात्रता एवं निर्धारित योग्यता के आधार पर 97 युवाओं का चयन मौके पर से किया गया लेकिन नौकरी 20 युवाओं को ही मिल सकी है बाकी के बच चुके युवाओं को बाद में चयन करने की बात कहीं जा रही है खास बात यह है कि हर महीने प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है लेकिन जांजगीर समेत अन्य जिलों के बेरोजगार युवा नौकरी को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं एक तरफ तो जांजगीर जिले मैं पंजीकृत बेरोजगार युवाओं की संख्या 90 हजार से भी अधिक हो गई है। साथ ही साथ बेरोजगार युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है इन सबके बावजूद युवा निजी क्षेत्र में नौकरी करने को लेकर रुचि नहीं दिख रहे हैं और ना ही जिम्मेदार विभाग के अधिकारी कर्मचारी इसे लेकर युवाओं को प्रेरित भी नहीं कर पा रहे हैं। इसके पहले भी जिले के विकास खंड में भी बेरोजगार युवाओं को नौकरी एवं स्वरोजगार देने की उद्देश्य से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है इसके बाद भी युवा इस पर ध्यान नहीं देते हैं।



प्लेसमेंट कैम्प में नौकरी पाने पहुंचे युवा बेरोजगार।

**करते हैं प्रेरित**

बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के उद्देश्य से उन्हें प्रेरित किया जाता है, जो पद निर्धारित था उसके तहत 117 बेरोजगार युवा पहुंचे। वहीं 97 का चयन मौके पर से किया गया।

मालिक राम जायसवाल
जिला रोजगार अधिकारी
जांजगीर-चांपा



## रेलवे रेक पाइंट के आसपास व्याप्त समस्याओं को लेकर लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

- डीआरएम को ज्ञापन सौंपकर उचित पहल करने की मांग

अकलतरा रेलवे रेक पॉइंट के सामने व्याप्त समस्याओं को लेकर स्थित वार्ड नंबर 3 के लोगों ने डीआरएम से फरियाद लगाई है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया है कि रेलवे रेक पॉइंट से लगातार गिट्टी की लोडिंग-अन्लोडिंग से आसपास के रिहायसी घरों में धूल के साथ कण आ रहा है।

दक्षिण पूर्वी रेलवे जोनल सलाहकर समिति के पूर्व सदस्य एवं पूर्व पार्षद श्रीमती आशा सतीश दीवान ने बताया कि गिट्टी की धूल से बचाव हेतु वाटर स्प्रिंकलर लगाया तो गया है किंतु अभी उसे चालू नही किया गया है। साथ ही रेलवे द्वारा सम्राट होटल से रायपुर राईस मिल तक निर्मित सड़क की ऊंचाई बढ़ जाने एवं सड़क किनारे बरसात का पानी निकासी हेतु नाली निर्माण नही होने के कारण रिहायसी लोगों के घरों मे बरसाती पानी घुसने की समस्या के चलते वार्ड वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए बरसात पूर्व नाली निर्माण की मांग की गई है। डीआरएम के निर्देश पर श्रीमती आशा दीवान एवं सतीश दीवान ने रेलवे के वरिष्ठ मंडल अभियंता हरीश महेंद्र से भी भेंट कर उन्हे उक्त जन सामास्याओं से अवगत कराया। इस संबंध मे उन्होंने शीघ्र वॉटर स्प्रिंकलर चालू करने एवं मौके पर स्थल निरीक्षण कर अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।

## वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक संपन्न, सदस्यों का हुआ सम्मान



**अकलतरा।** वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक कुवंर भुवन भास्कर सिंह माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में उत्साह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन तथा दशरथ नामदेव द्वारा वंदना प्रस्तुति के साथ हुआ।

बैठक में अप्रैल माह में जन्मदिन वाले सदस्य डॉ. जी.पी. दीक्षित, छेदीलाल शर्मा एवं गजेंद्र नाथ सोनी का शाल, श्रीफल एवं तिलक-चंदन से सम्मान किया गया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।सदस्यों के आग्रह पर मंच अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान ने रामचरितमानस से राम-केवट संवाद एवं गंगा पार उतारने प्रसंग से संबंधित दोहे, चौपाइयों और छंदों का सस्वर पाठ किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।सदस्य जयकुमार जैन ने आगामी 3 मई को श्री ऋषभदेव विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में आयोजित होने वाले बृहत्तर जनसेवा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी सदस्यों को आमंत्रित किया। वहीं रमेश सोनी ने समसामयिक कविता पाठ कर सभा को रसपूर्ण बना दिया।बैठक का समापन हास्य-व्यंग्य, चुटकुलों एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।इस अवसर पर रामेन्द्र सिंह चौहान, जयकुमार जैन, रामभरोस कैवर्त, दशरथ नामदेव, महेश बनाफर, भरत सिंह चंदेल, धारी सिंह, ठाकुर राम देवांगन, संतराम साहु, जयकुमार अग्रवाल, गजेंद्र नाथ सोनी, रमेश सोनी, सी.एल. शर्मा, धनाराम साहु, दरश यादव, कार्तिक राम बरेठ सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### मेंटेनेंस कार्य के चलते अलग-अलग क्षेत्रों में 5 मई तक सप्लाई रहेगी बाधित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मेंटेनेंस कार्य के चलते अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। इसके लिए विभाग ने शेड्यूल जारी कर दिया है। जारी सूचना के अनुसार 5 मई तक जिले के विभिन्न 33 केवी और 11 केवी फीडरों में सुधार और रखरखाव कार्य किया जाएगा, इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में निर्धारित समय पर बिजली सप्लाई बाधित रहेगी । चांपा, नैला, बलौदा, अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़, सारागांव और आसपास के कई शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में अलग-अलग तिथियों पर बिजली बंद रहेगी। अधिकतर स्थानों पर सुबह 8-9 बजे से दोपहर शाम 4 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी, जबकि कुछ क्षेत्रों में समय में आंशिक बदलाव भी संभव है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे पहले से आवश्यक तैयारी कर लें ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवश्यकता पड़ने पर शटडाउन के समय में बदलाव किया जा सकता है।

## दूषित जल के दुष्प्रभावों के बारे में किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

- ग्राम पंचायतों में आयोजित सभाओं में जल जीवन मिशन की योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सक्ती जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत विभाग द्वारा ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन ग्राम सभाओं में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। जल स्रोतों के संचालन एवं संधारण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की सक्रिय भागीदारी से सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए ग्राम स्तर पर समितियों का गठन कर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। ग्राम सभा में पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु जल शुल्क निर्धारित किया गया है।

इसके अंतर्गत प्रत्येक उपभोक्ता से न्यूनतम 60 रुपये प्रतिमाह का योगदान लिया जाएगा, जिसका उपयोग जल योजनाओं के रख-रखाव, मरम्मत एवं संचालन में किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीणों को जल गुणवत्ता की नियमित जांच, पेयजल से जुड़ी समस्याओं के समाधान तथा दूषित जल के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। अधिकारियों ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए वर्षा जल संचयन, जल के समुचित उपयोग एवं अपव्यय रोकने के उपायों की जानकारी दी। ग्रामवासियों से अपील की गई कि वे जल स्त्रोतों की सुरक्षा, संरक्षण तथा समय पर जल शुल्क भुगतान में सहयोग करें, ताकि योजना का संचालन सतत रूप से जारी रहे और भविष्य में भी सभी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते अतिथि।

## बैठक में संगठन को मजबूत बनाने चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

भारतीय जनता पार्टी के जिला सह संगठन प्रभारी राजेंद्र वैष्णव ने विश्राम गृह शिवरीनारायण में भाजपा शिवरीनारायण एवं कोड़ाभाट मंडल के पदाधिकारियों की संगठनात्मक व परिचयात्मक बैठक ली।

बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के समन्वय तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला सह संगठन प्रभारी श्री वैष्णव ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति एवं अनुशासन का पालन करते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का आधार मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनकी बदौलत पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष नारायण लोकेश शुक्ला (बाबू), महामंत्री विष्णुहरी गुप्ता, कोड़ाभाट मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सरस्वती साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्नेह लता सोनी सहित कन्हैया कश्यप, विजय चौहान, रमेश केसरवानी, संदीप यादव, आकाश यादव, मीनाक्षी सोनी, रामचरित भारद्वाज, मनोबल जाहिरे, अरुण प्रभुवा, अशोक धीरही, सुनील खूंटे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।



## नई आबकारी नीति से देशी शराब की सप्लाई चरमराई, चांपा में 'ड्राई-डे' जैसे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

**खास बातें**

- चांपा के भोजपुर और बस स्टैंड की दुकानों में स्टॉक खत्म

छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से लागू की गई नई आबकारी नीति के तहत देशी शराब को कांच की बोतलों से हटाकर प्लास्टिक बोतलों में उपलब्ध कराने के निर्णय का असर अब ज़मीनी स्तर पर साफ दिखने लगा है। इस बदलाव के बाद राज्य की सरकारी शराब दुकानों में भारी अव्यवस्था फैल गई है और स्टॉक संकट गहराता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, पुरानी कांच की बोतलों में उपलब्ध देशी शराब का स्टॉक लगभग समाप्त हो चुका है, जबकि नई बोतलों में शराब की आपूर्ति धीमी है। इस असंतुलन के चलते कई दुकानों पर "ड्राई-डे" जैसी स्थिति बन गई है, जिससे मदिरा प्रेमियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में चांपा के भोजपुर और बस स्टैंड स्थित देशी शराब दुकानों में स्टॉक लगभग पूरी तरह खत्म हो गया है। शराब प्रेमी प्लेन और मसाला जैसी देशी शराब की तलाश में दुकानों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। सूत्रों का कहना है कि नीति परिवर्तन से पहले पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, जिससे यह संकट पैदा हुआ। इसके अलावा, कांच की बोतलों की रीसाइक्लिंग से जुड़े लाखों लोगों के रोजगार पर भी इस फैसले से संकट के बादल मंडराने लगे हैं। आबकारी विभाग से जुड़े अधिकारी स्थिति सामान्य होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है।



शराब दुकान में स्टॉक खत्म होने के बाद पसरा सन्नाटा।

## ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के तत्वाधान में होगा आयोजन, 23 का हुआ पंजीयन

# अक्षय तृतीया पर होगा बटुकों का उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव 20 अप्रैल एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला में आयोजित किया जाएगा।

उपनयन संस्कार की तैयारी हेतु समिति की सदस्य जयंती दुबे के घर पर बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि उपनयन की सम्पूर्ण तैयारी समिति द्वारा पुर्ण कर ली गयी है । समिति की वरिष्ठ सदस्य वीना शर्मा एवं नीरा शर्मा ने बताया कि 23 बटुकों का पंजीयन हो चुका है और अभी पंजीयन की प्रक्रिया चालू है । अलका शर्मा एवं गीता मिश्रा ने पंजीकृत 23 बटुकों के परिजन से सुबह 7 बजे अग्रसेन भवन नैला पहुंचकर कार्यक्रम के सहभागी बनने का आग्रह किया है । उपनयन संस्कार के आचार्य क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं ज्ञानी पंडित राजकुमार मिश्रा एवं प्रमुख यजमान चंद्रहास मिश्रा एवं निशा मिश्रा होंगे। जयश्री शर्मा एवं नीलू शर्मा ने बताया कि परशुराम जी के जन्मोत्सव एवं उपनयन संस्कार के उपरांत भगवान परशुराम एवं बटुकों की भव्य शोभायात्रा (पुलिस कंट्रोल रूम के सामने) से शाम 5 बजे प्रारंभ होकर परशुराम चौक नैला तक निकाली जाएगी,भगवान परशुराम जी की महाआरती के साथ सम्पन्न होगी। उपनयन संस्कार में उपस्थित सभी बटुकों एवं विप्रजनों से शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्यों ने किया है। किरण शुक्ला एवं अनिता मिश्रा ने बताया कि सभी मांगलिक कार्य जैसे मुंडन , नहडोरी , गुरू मंत्र इत्यादि रजिस्ट्रेशन क्रमांक के हिसाब से ही किये जाएंगे। आयोजन की तैयारी में ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा, नीरा शर्मा,सीता पांडेय,जयश्री शर्मा, नीलू पाण्डेय,जयंती दुबे,गीता मिश्रा, अलका शर्मा, आशा दुबे,निशा मिश्रा, पुर्णिमा शर्मा,नीलू शर्मा,अनिता मिश्रा, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला,डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, विद्योत्तमा गौरहा,प्राची पांडेय, प्रियंवदा पांडेय,स्मृति गौरहा, शालिनी शर्मा,जूही गौरहा सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए है।



बैठक में उपस्थित ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच की पदाधिकारी।

